नारायणगंज में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज में ध्वजारोहण आसाराम भारतीय द्वारा किया गया इसके बाद अध्यक्ष द्वारा मंडला जिले की गाथा का वर्णन किया गया इस अवसर पर सभी विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे जनपद पंचायत नारायणगंज से जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा मुख्य कार्यकर्ता अधिकारी श्रीमती दीप्ति यादव जनप्रतिनिधि रतन सिंह ठाकुर संतोष सोनी राजेश सोनी गुलाब सिंह परस्ते जानकी ठाकुर मधु किशोर साहू बकील अनिल यादव पंचायत इंस्पेक्टर जेके पटेल संदीप चौरसिया आरडी प्रजापति एसडीओ श्री उईकेजी उपयंत्री राजकुमार केवट माधव लोधी पंकज साहू यशवंत मार्को पंकज पटेल अरविंद त्रिपाठी एवं जनपद के सभी कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे इसी तरह बाल विकास विभाग में ध्वजारोहण किया गया जिसमें सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे कृषि विभाग में ध्वजारोहण श्री रतन सिंह ठाकुर द्वारा किया गया जनपद शिक्षा केंद्र में जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा द्वारा किया गया इस मौके में सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे विकासखंड शिक्षा कार्यालय में ध्वजारोहण विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया मौके में सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे शहीद स्मारक में ध्वजारोहण श्री राजाराम ज्योतिषी रिटायर वनपाल नारायणगंज द्वारा किया गया इस मौके में वरिष्ठ नागरिक मगनलाल सोनी चंद्रशेखर तिवारी रघुनंदन विश्वकर्मा नरेश सोनी राजेश सोनी पडरिया ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव अभिषेक शर्मा सुरेंद्र सोनी रामकुमार साहू आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ग्राम पंचायत खैरी में ध्वजारोहण सरपंच श्रीमती शांति हुकुम परस्ते द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि पंचगनी की उपस्थिति रही सचिव अनिल शर्मा उप सरपंच दीपक सोनी रमेश सोनी सचिव श्रीमती शैली सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रही थाना टिकरिया में ध्वजारोहण टी आई प्रदीप कुमार पांडे द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं समस्त स्टाफ ने जय नारे के घोष के साथ समस्त स्टाफ सलामी ली वन विभाग में रेंजर मयंक उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस कार्यक्रम में सभी वनरक्षक एवं कर्मचारी की उपस्थिति रही दुर्गा में व्यायाम शाला में पहली बार ध्वजारोहण किया गया जिसमें गया चक्रवर्ती द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

बच्चों ने दी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर भव्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मंडला नगर के लर्निंग ट्री स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर नौनिहाल छात्रों ने उत्साह ओर उमंग के साथ देशभक्ति की भावना ओर सुंदर प्रस्तुतियों के साथ हर्ष उल्लास से मनाया गया। समारोह में विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों में भी देशभक्ति का अद्भुत जज्बा देखने को मिला। नर्सरी के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति दी, वहीं LKG के बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतीकों पर सुंदर एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति प्रस्तुत की। बच्चों ने "अनेकता में एकता" की भावना को भी अपनी शानदार प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास और देशप्रेम साफ दिखाई दिया। सभी बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इन प्रस्तुतियों को तैयार कराने में विद्यालय के शिक्षकों ने भी पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ बच्चों को अभ्यास कराया। तिरंगे की शान, देशभक्ति के गीतों और नन्हे-मुन्ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो गया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
रविन्द्र कुमार झारिया
(प्राचार्य)
एवं समस्त विद्यालय परिवार
पीएमश्री विद्यालय मनेरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
रमेश सैयाम
(सरपंच)
उपिन कुमार तिवारी
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत जवैधा ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मिही लाल
(सरपंच)
संतोष कुमार उपाध्याय
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत झुरकी ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
रमली बाई
(सरपंच)
लटोरा प्रसाद यादव
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भलवारा ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
संतोषी बाई
(सरपंच)
सत्यम पांडे
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भानपुर बिसौरा ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
उर्मिला बाई
(सरपंच)
बहादुर सिंह कुंजाम
(सचिव)
मोहित परस्ते
(जीआरएस)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हाथीतारा ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सुकवरिया बाई
(सरपंच)
गुलाब सिंह मरावी
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हिरनाछापर ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
भगवती बाई
(सरपंच)
रामगोपाल बरकड़े
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सुखरी संग्रामपुर ज. पं निवास

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की
नगरवासियों को को हार्दिक शुभकामनायें
आओ मण्डला स्वच्छ बनाये
विनोद कुमार कछवाहा — अध्यक्ष
अखिलेश कछवाहा — उपाध्यक्ष
गजानन नाफडे — मु. न. पा. अधिकारी
सदस्य प्रेसीडेंट इन काउंसिल
सुश्री ज्योति मलिक, श्रीमति वंदना कछवाहा, श्री जितेन्द्र बर्वे, श्री सुधीर मिश्रा, श्रीमति प्रीति राय, श्रीमति प्रतिभा साहू, श्री दिलीप नंदा
सदस्य अपील समिति सुश्री पूर्णिमा धुर्वे, श्री मो. गनी
श्री अनिल दुबे, श्री ब्रजेश जसवानी, श्रीमति मनीषा तिवारी, श्रीमति कृतिका 'शानू' चौरसिया, श्रीमति माया गुप्ता, श्रीमति अनीता चौधरी, श्रीमति कामिनी चौधरी, श्रीमति सुरक्षणा मर्सकोले, श्री विनय गुलशन वरदानी, श्री नरेश सिंधिया, श्रीमति ज्योति बाजपेयी, श्रीमति आशा मर्सकोले, श्री रामजी गायक, पार्षदगण नगरपालिका परिषद मण्डला
नगरपालिका परिषद मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
विष्णु सिंह उटिया
(सरपंच)
काशीराम रजक
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अमगवां ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शिवकुमारी तेकाम
(सरपंच)
अश्वनी कुमार मिश्रा
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बम्हनी ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मंजुरानी कुलस्ते
(अध्यक्ष)
घनश्याम सूर्यवंशी
(उपाध्यक्ष)
एवं समस्त जनपद सदस्यगण
जनपद पंचायत निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हेमलता परस्ते
(अध्यक्ष)
बसंत चौधरी
(उपाध्यक्ष)
शिवा सिंह लोधी
(सीएमओ)
नगर परिषद निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
चंद्रवती
(सरपंच)
नवीन कुमार रजक
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मसूर घुघरी ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
इन्द्रपाल
(सरपंच)
पदम सिंह पंद्राम
(सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहगानी ज. पं निवास

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ वैभव पटेल
बीएमओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
कैलाश धुर्वे
(सरपंच)
दीपिका टांडिया
(उपसरपंच)
भद्दे लाल टेकाम
(सचिव)
ग्राम पंचायत मवई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

पूरन सिंह मरावी
(सरपंच)
रुबेश उद्दे
(सचिव)
ग्राम पंचायत पखवार मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमति सरोज धुर्वे
छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मवई

टीआई चौहान सहित डोगरगांव पुलिस की संयुक्त टीम की मुहिम

अंधे हत्याकांड की गुत्थी 24 घंटे के अंदर सुलझाने में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ डोगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते हुये दिनों से जिस तरह हत्या की घटनाये सामने आते हुये देखी जा रही है उसके चलते दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये 15 अगस्त को देखने मिली जब संपूर्ण क्षेत्रवासी देश के स्वतंत्रा की वर्षगांठ मनाने में मग्न नजर आ रहे थें। इसी बीच सूचना मिली की एनटीपीसी के पास ग्राम चोर बरहटा में किसी युवक की खून से सनी हुई पड़ी लाश पड़ी है। वही दूसरी ओर मृतक के शरीर पर दिखाई दे रहे घाव इस बात का संकेत देने से नही चूक पा रहे थें कि निश्चित तौर से युवक की किसी ने हत्या की गई है। घटना स्थल डोगरगांव थाना क्षेत्र का होने के चलते इस घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर डोगरगांव पुलिस पहुंची। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा घटना व समय तथा दिन की गंभीरात को ध्यान में रखते हुये मौके पर गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान व उप पुलिस अधीक्षत ललित सिंह डागुर भी पहुंच गये थें। इस तरह पुलिस द्वारा जहां मृतक की पहचान सुशील जाटव निवासी सोया प्लांट के पास निवासी के रूप में किये जाने के बाद मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करते हुये जांच में लिया गया। वही दूसरी ओर हत्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपियों की शीघ्र खोज करने की सोच के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक ललित सिह डागुर की देख रेख में अलग अलग टीमों का गठन किया गया। बनाई गई इन टीमों में मुख्य रूप से गाडरवारा थाना प्रभारी टीआई अशोक सिंह चौहान तथा डोगरगांव थाने के नव नियुक्त टीआई अनिल अजमेरिया तथा उनि बबीता पहाडे, उनि अमित गोटिया, सउनि राजेश तिवारी गाडरवारा, प्रधान आरक्षक आरिफ खान, रामगोपाल राजपूत थाना गाडरवारा, परमानंद, आरक्षक रंजीत सिंह, सोबरन ठाकुन, मोनिका दुबे, पुष्पराज बागरी, सोनू सतारे, प्रतीक, रूपेश चैबे थाना गाडरवारा, दिनेश पटेल थाना गाडरवारा, महेन्द्र वावरिया, विश्वजीत ठाकुर, अक्षय श्रीवास्तव एवं वदेश्वरी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर ही इस अंधे हत्या कांड का खुलासा करने के साथ साथ आरोपियों को पकड़ने में एक बडी सफलता हासिल की गई है। गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान व डोगरगांव थाना पुलिस की संयुक्त सफलता का बीते हुये दिवस अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा खुलासा करते हुये पत्रकारों को अवगत कराया गया की थाना डोंगरगांव में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चोरवरहटा जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी थी तथा उसके पेट में चाकू से वार किए जाने के निशान थे। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर हत्या के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला पाए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वही फरार अज्ञात एवं आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया था। जिसके चलते बनाई गई टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी गाडरवारा ललित डागुर के नेतृत्व में द्वारा पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर घटनास्थल से तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित करने के साथ घटनास्थल पर , फिंगर प्रिंट एवं डॉग स्क्वाड की टीमों से बारीकी से निरीक्षण कर तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से अंधे क़त्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिली है। हत्या के कारणों का खुलासा करते हयु बताया है कि मृतक की पत्नी के उसके जीजा से प्रेम संबंध थी। वही घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों से गहन पूछताछ की गई। पूछताछ एवं जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक की पत्नी के उसके जीजा वीरेन्द्र के साथ प्रेम संबंध थे। लगभग 7 माह पूर्व वह आरोपी यानि की अपने जीजा वीरेन्द्र के साथ चली गई थी, लेकिन बाद में बच्चों के कारण अपने पति के घर वापस आ गई थी। आरोपी वीरेन्द्र इस बात से नाराज था कि मृतक की पत्नी वापस अपने पति के घर आ गई है। प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा वीरेन्द्र को अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान वीरेन्द्र द्वारा उक्त बात से नाराज होकर एक विधि के उल्लंघनकर्ता बालक के साथ मिलकर मृतक की चाकू से हत्या करना स्वीकार किया गया। वही आरोपी के कथन एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में आरोपी वीरेन्द्र तथा एक विधि के उल्लंघनकर्ता बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही एवं विवेचना जारी है। खुलासे के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूरिया द्वारा बताया कि इस अंधे हत्या कांड में मृतक की पत्नि के जीजा यानि की मृतक के साडू भाई व एक नाबांलिग आरोपी को गिरप्तार करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। वही मामले की जांच अभी पूर्ण नही हुई है यदि इस मामले में कोई साक्ष्य व आरोपी शामिल होने की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जावेगी।

स्वतंत्रता दिवस के पहले शिक्षा मंत्री की मौजदूगी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

वैसे तो देखा जावे इस समय देश भक्ति में छोटे बच्चों से लेकर बडे बुजुर्गो को लीन होते हुये देखा जा रहा है। मगर स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले यानि की 14 अगस्त को प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की विशेष मौजूदगी में जिस प्रकार से तिरंगा यात्रा निकाली गई उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र देश भक्ति में लीन होकर रहने से नही चूक पाया था। इस भव्य तिरंगा यात्रा के सूत्रधार प्रियांक जैन बनाई गई व्यवस्थाओं के बीच शहर के पलोटन गंज देवी मंदिर से शुरू हुई थी। बताया जाता है कि हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नगर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में राष्ट्रभक्ति का ऐसा उत्साह देखने को मिला कि पूरा गाडरवारा तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा थामकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक, गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

गाजे-बाजे और देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की धुनों के बीच निकली तिरंगा यात्रा के दौरान "भारत माता की जय" और देशभक्ति के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की भावना को अभिव्यक्त किया। तिरंगा यात्रा पलोटन गंज से प्रारंभ होकर पानी की टंकी, चौकी मोहल्ला, झंडा चौक एवं सराफा बाजार होते हुए पुरानी गल्ला मंडी पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह के साथ मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, अशोक भार्गव, मुकेश मरैया, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, प्रदेश कार्य समिति के मिनेन्द्र डागा, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, नगर भाजपा मंडल चंद्रकांत शर्मा सहित अनेक भाजपा नेतागण मौजूद रहे। वही नगर में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का जहां तहां लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुये स्वागत किया गया।

नागदेवता की पूजा से मिलती है आत्म शांति, उत्साह के साथ मनाया जावेगा आज

हरिभूमि न्यूज/ बारहाबड़ा।

धरती को अपने शीश पर उठाये रखने वाले नाग देवता की पूजा, अर्चना का परम्परागत पर्व नागपंचमी आज सोमवार को श्रावण मास की पंचम तिथि को शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्वा, भाव के साथ नाग पंचमी मनाई जावेगी।



इसी के चलते आज के दिन नाग देवता की पूजन करने का विशेष महत्व बताया जा रहा है। इस प्रकार से आज पड़ने वाले नाग पंचमी त्यौकार पर विशेष तौर से चौरासिया समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हुए नाग देवताओं की पूजन की जाती है। इसी प्रकार श्रीमति सबिता चौरासिया का कहना हे कि नाग देवता भगवान शिव के गले की शोभा बढ़ाने वाले देवता होने के साथ साथ सृष्टि की रक्षा करने वाले भी माने जाते है। इस बजह से उनमें भोलेनाथ की शक्ति समाई हुई है। मेरा मानना है कि भगवान शिव के पूजन से जहां श्रद्वालुओं को काल सर्पयोग से मुक्ति मिलती है। वही नाग देवता की पूजा, अर्चना करने से उन्हें जीवन की सारी परेशानियों से छुटकरा मिल जाता है। इसलिए आज नाग पंचमी के अवसर पर हर नागरिक को नाग देवता की पूजन करना चाहिए। वही श्रीमति आभा चौरासिया का कहना है कि सनातन हिन्दू धर्म के देवी, देवाताओं के आशीष के बल पर ही संसार चल रहा है। वही नाग देवता भी हमे निर्भीक बनने का संदेश देते है। आज नाग पंचमी के अवसर पर में कई अनुष्ठान करते हुए नाग देवताओं की अक्षत, सुगंधित फूलों से पूजन आरती करती हूं, जिससे मुझे सुख, शांति मिलती है। मुझे विश्वास है कि नाग देवता की कृपा से हमारे घर में समृद्वि के दर्शन हो रहे है और नाग देवता सदा ही अपनी रक्षा में कोई कसर नही छोड़ते है।

स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर नपा अध्यक्ष मिश्रा सहित उप पुलिस अधीक्षक, एसडीएम ने अपने कार्यालयों में तो शिक्षण संस्थाओं के आलवा अन्य संस्थाओं में बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए विश्व का गुरू बनने की क्षमता रखने वाले भारत की आजादी की वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में इस प्रकार से मनाई गई कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर जहां संपूर्ण क्षेत्रवासी एक सप्ताह पहले से ही तैयारियों में जुटे हुये देखे जा रहे थें और हर घर तिरंगा लहराने की मुहिम के चलते शहर से लेकर गांवों का नजारा इस तरह देखने मिल रहा था कि हर घर के ऊपर देश की शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराता हुआ नजर आवेगा..? मगर सही मायने में देखा जावे तो हर घर तिरंगा को लेकर प्रशासन की मुहिम सिर्फ जिस तरह औपचारिकता होने के साथ अखबारों की सुर्खियों तक सीमित रही है उसका पूरिणाम इस तरह दिखाई पड़ा की स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर आम लोगों के घरों की बात तो दूर तिरंगा रैलियों में अपने हाथ में झंडा लेकर जोश भरने वाले नेताओं से लेकर शासकीय सेवाओं में पदस्थ रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के घरों पर भी तिरंगा नजर न आना निश्चित तौर से प्रशासन की मुहिम पर ग्रहण लगाने के समान प्रतीत होने से नही चूक पाया है..? इतना ही नही शासन के आदेश पर जिस तरह आये दिन नगर में हर घर तिरंगा के लिये निकाली गई जागरूकता रैलियों में जो नेताओं से लेकर अधिकारी व कर्मचारी सबसे आगे दिखाई दे रहे थें उनके घरों पर भी तिरंगा के दर्शन न होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? यह बात अलग है कि स्वतंत्रता दिवस के पावन बेला पर शासकीय कार्यालयों से लेकर निजी शिक्षण संस्थाओं में देश की आन वान तिरंगा लहराते हुये नजर आया जो आम लोगों के लिये देश भक्ति में लीन करने से नही चूक रहा था। इस तरह तिरंगे की गरीमा निश्चित तौर से लोगों के दिलों में जिस तरह बैठी हुई थी वह स्वाधीनता दिवस के मौके पर उभर कर ऊपर आ जाने के कारण शहर से लेकर गांव के सरकारी कार्यालय पूर्णरूप से तिरंगामय होने से नही चूक पाये थें। इस प्रकार बीते हुए 15 अगस्त को शहर में जहां बडे ही धूमधाम के साथ स्वतंत्रता की की वर्षगांठ बडे ही धूमधाम से मनाई गई जिसके चलते पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा तिरंगा फहराते हुये अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बंधाई दी गई। वही दूसरी ओर नगर की शासकीय संस्थाओं में उनके प्रमुखों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इस प्रकार नगर के अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम तो उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी ललित सिंह डागुर, पुलिस थाने में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के आलवा नगर के शासकीय स्कूलों के आलवा निजी शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम के साथ ध्वजा रोहण हुआ। इसी प्रकार से समीपस्थ नगर पंचायत परिषद चीचली में अध्यक्ष शेख मंजूर बबलू सिंघानिया ने तिरंगा फहराया गया तो सालीचौका नगर पंचायत परिषद में अध्यक्ष राकेश सिलावट व नगर पंचायत सांईखेड़ा में अध्यक्ष स्वाति/सचिन अग्रवाल द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इसी प्रकार से अलग अलग ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा पंचायत में शान व हर्षोल्लास के साथ ध्वजा रोहण करते हुये आजादी की खुशिया बनाई गई। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सुबह से ही आजादी के तराने गूंजने लगे थें और युवाओं तथा बच्चों सहित आमलोगों में गहरी खुशी व्याप्त होने से नगर देश भक्ति के रंग में सराबोर हो गया था। स्वतंत्रता के आंदोलनों में शहीद हुए बीर पुरूषों की याद में नगर भर में श्रद्वा के फूल बिखरने नजर आ रहे थें। इस प्रकार से देश के स्वाधीनता के पावन अवसर पर अनेक जगहों पर कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर प्रतिवर्ष के अनुसार नगर कांग्रेस द्वारा शहर के हृदय स्थल झंडा चौका सहित पुरानी गल्ला मंडी व अन्य स्थानों पर ध्वज रोहण करते हुये देश के बीर सपूतों को अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये गये।

सांदीपनी विद्यालय धनुवासागर में शान से लहराया तिरंगा

देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों से गूंजा विद्यालय परिसर, उत्कृष्ट विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

डिंडौरी न्यूज। संदीपनी विद्यालय धनुवासागर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। तिरंगे की रंगोली और सजावट से सजे विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति ने समारोह को भव्य बना दिया। कक्षा केजी-1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य और नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रस्तुतियों में दिखी राष्ट्रभक्ति और प्रतिभा

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के वीर जवानों, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया, वहीं भाषणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता के महत्व और राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर अपने विचार रखे। नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों में बच्चों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास देखने को मिला। शानदार प्रस्तुतियों पर विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता के जयकारों से गूंजता रहा।समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और रचनात्मक क्षेत्रों में प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर देना भी आवश्यक है।

राष्ट्रीय कराटे चैंपियन गरिमा भारद्वाज का सम्मान

समारोह में कक्षा 12वीं की छात्रा गरिमा भारद्वाज की उपलब्धि विशेष आकर्षण का केंद्र रही। गरिमा ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद उनका चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से गरिमा भारद्वाज एवं उनके माता-पिता को मंच से सम्मानित किया गया तथा गरिमा को शील्ड प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन करते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण रहे मौजूद

समारोह में जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल, सरपंच रामबाई, विद्यालय के प्राचार्य जोहान सिंह मरकाम सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन और अपनी प्रतिभा के प्रति विश्वास की भावना को मजबूत किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, पालकों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

ग्राम चौरा में 'नवांकुर सखी' हरियाली कलश यात्रा का आयोजन

अमरपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य एवं जिला कार्यालय डिंडौरी के निर्देशन में विकासखंड अमरपुर के ग्राम चौरा में 'नवांकुर सखी' हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चौरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर उपस्थित सामाजिक एवं विशिष्ट महिलाओं द्वारा पौधों तथा देववृक्ष पीपल का विधिवत पूजन-अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे ने 'नवांकुर सखी' हरियाली कलश यात्रा के उद्देश्य एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी।इसके पश्चात पीपल वृक्ष से हरियाली कलश एवं पौधा यात्रा निकाली गई, जो ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम के बाद नवांकुर एवं प्रस्फुटन संस्थाओं में पंजीकृत 'नवांकुर सखियों' को 11-11 पौधे वितरित किए गए। महिलाओं से इन पौधों को परिवार के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह अथवा अन्य पर्व पर रोपित कर नियमित रूप से उनकी देखभाल एवं संरक्षण करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में बाल विकास विद्या मंदिर अमरपुर से अरविंद यादव, उत्थान सेवा संस्थान समिति अलोनी से गणेश कैवर्थ, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर, छात्र-छात्राएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के पंच, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंग्रेजी शराब दुकान सांईखेड़ा
आबकारी ठेकेदार
अंकुर चौकसे
गाडरवारा की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें
अंकुर चौकसे
आबकारी ठेकेदार
सौ.- अंग्रेजी शराब दुकान सांईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं
प्रशासक -राम सेवक पटेल
एवं समस्त स्टॉफ कर्मचारीगण
सौ.- सेवा सहकारी समिति सांईखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवश्री ज्वेलर्स
गाडरवारा
शैलेन्द्र जैन
समाजसेवी गाडरवारा
सौ. :- देवश्री ज्वेलर्स गाडरवारा

NUPUR CONVENT
English Medium Higher Secondary School Nursery to 12th (Science & Commerce)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं
संचालक
जितेन्द्र आर नामदेव, सुरेन्द्र आर नामदेव
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
Gokul Dham, Near Shani Mandir
Gadarwara
No-9826787345,9826787323
email-jeetendranamdeo17@gmail.com
सौ. :- नुपुर कानवेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल गोकुलधाम शनि मंदिर के पास गाडरवारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं
श्रीमान ऋषिकेश मीना जी, पुलिस अधीक्षक, जिला नरसिंहपुर
श्रीमान ललित डागुर जी, उप पुलिस अधीक्षक, गाडरवारा
श्रीमान अशोक सिंह जी चौहान, नगर निरिक्षक, गाडरवारा
अभिषेक जैन, चौकी प्रभारी, सालीचौक
अपील
* अपराध रोकने में पुलिस को सहयोग प्रदान करें * सदा ही अपने दोपहिया वाहन को चलाते समय हेलमेट लगाकर ही चलायें * नशा की बुरी आदत से दूर रहते समाज को नशा मुक्त बनायें*
सौ.- प्रभारी व समस्त स्टाफ उप पुलिस थाना सालीचौका गाडरवारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
विनय डेविड, प्रदेश अध्यक्ष, आईसना पत्रकार संघ
प्रहलाद सिंह कौरव, प्रदेश उपाध्यक्ष, आईसना पत्रकार संघ
मनजीत छावडा, संभागीय सचिव, आईसना पत्रकार संघ
राजेश कुमार लोधी, जिला अध्यक्ष, आईसना पत्रकार संघ
सौ. - ऑल इंडिया स्माल न्यूज पेपर एसोसियेशन जिला - नरसिंहपुर म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
15
राजू सिंह उद्दे
जनपद अध्यक्ष, करंजिया

सभी जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
15
संतोष सिंह चंदेल
जनदपद सदस्य, डिण्डौरी

|| जय हिन्द ||
समस्त डिंडोरी वासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए, हम सब मिलकर संविधान की मर्यादा का पालन करें, कानून का सम्मान करें और न्याय, समता, स्वतंत्रता व बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करें।
स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, अपितु उत्तरदायित्व भी है।
कानून की गरिमा
न्याय की प्रतिष्ठा
संविधान की मर्यादा
डिंडोरी को न्यायपूर्ण, जागरूक और विधि-सम्मत समाज बनाने का संकल्प लें।
सम्यक जैन
अधिवक्ता
"सशक्त नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं, आइए राष्ट्र निर्माण में अपना कर्तव्य निभाएं"
जिला न्यायालय, डिंडोरी (म.प्र.)
मो. 8989666426

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
15
हरिभूमि
मा.ओमप्रकाश धुर्वे
विधायक-शहपुरा
श्रीमती ज्योति प्रकाश
जिला पंचायत सदस्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
15
हरिभूमि
श्रीमती कीर्ति गुप्ता
जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, भाजपा डिण्डौरी

आज़ादी का अमृत महोत्सव
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर देश को सशक्त, समृद्ध और विकसित बनाएं।
Bharat Petroleum
Bharat Petroleum
Pure for Sure
शिव वर्षा पेट्रोलियम
आपकी सेवा में सदैव समर्पित
(BPCL का अधिकृत पेट्रोल पंप)
हर भारतीय का गर्व, हमारा भारत, हमारी पहचान।
शुद्ध ईंधन
सटीक माप
बेहतरीन सेवा
ग्राहक संतुष्टि हमारी पहचान

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
15
हरिभूमि
श्रीमती सपना जैन
जिला मंत्री, भाजपा डिण्डौरी

खबर संक्षेप

नेमा महिला क्लब द्वारा हरियाली तीज का आयोजन

नरसिंहपुर। गत दिवस नेमा महिला क्लब द्वारा हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों के बीच विभिन्न मनोरंजक और रोचक गतिविधियों की प्रतिस्पर्धा हुई जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया इसके पश्चात अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये।

मिट्ठू लाल ठाकुर का निधन

नरसिंहपुर। गत दिवस सुभाष वार्ड पूर्व पार्षद एवं युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष भोला ठाकुर के पिता मिट्ठू लाल ठाकुर का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम परतापुर में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

जनभागीदारी से तय हो विकास के फैसलेः मंत्री श्री पटेल

नरसिंहपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली विकासखंड के ग्राम रामपिपरिया में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि गांव का विकास केवल शासकीय योजनाओं और संसाधनों से नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जागरूकता, सहभागिता और सामूहिक निर्णयों से होता है। ग्राम सभा को गांव के विकास के साथ सामाजिक बदलाव का भी प्रभावी मंच बनाया जाना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी जी की कल्पना ग्राम स्वराज की थी, जिसमें गांव के लोग मिल-बैठकर अपनी प्राथमिकताएं तय करें। आज पंचायतों को विभिन्न माध्यमों से पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं। इनका उपयोग गांव की वास्तविक जरूरतों और स्थायी विकास कार्यों के लिए प्राथमिकता तय कर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों की कार्ययोजना पहले से तैयार करनी चाहिए। सड़क, नाली, जल संरक्षण और अन्य आधारभूत सुविधाओं के साथ ऐसे स्थायी परिसंपत्ति निर्माण को प्राथमिकता दी जाए, जिनका लाभ ग्रामीणों को लंबे समय तक मिल सके। यदि पंचायत और ग्रामीण मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करें तो तीन वर्ष में भी गांव को आदर्श गांव बनाया जा सकता है।

खापा शेढ़ में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नरसिंहपुर। शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ एवं शासकीय माध्यमिक शाला खापा शेढ़ के विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। रैली के माध्यम से ग्राम के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया, जिसमें शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़, औषधालय, माध्यमिक शाला एवं आंगनवाड़ी शामिल रहे। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच रूपलाल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि नंदराम ठाकुर, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य एस. के. बक्शी एवं सचिव पाविल सराठे उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वाधीनता पर्व

नरसिंहपुर। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में स्वाधीनता के 80 वे पर्व पर विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष संजय दुबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह ममार, प्राचार्य हरि ओम शरण कोरी, प्रभारी

प्रधानाचार्य राजेंद्र पटेल अभिभावक सुखदेव नेमा आचार्य परिवार भैया बहनों की उपस्थिति में भारत माता पूजन पश्चात भारत माता की आरती व गायन वंदना चौधरी, पायल चैधरी ,अंकिता चैधरी, आशी जाट, तान्या छीपा, टीना मेहरा, तनिष्का यादव, द्वारा किया गया मंचासीन अतिथि स्वागत किशोर भारती अध्यक्ष मयंक विश्वकर्मा व मंच संचालन रामशंकर पटेल, प्रख्याती राजपूत, शुभ गुप्ता द्वारा किया गया कक्षा नर्सरी, केजी 2 के भैया बहनों कविश पटेल तक्ष मेहरा निखिलेश पटेल शामिल रहे।

मुख्य समारोह में मंत्री श्री पटेल ने किया ध्वजारोहण

हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रधुन एवं राष्ट्रगान की धुन के बीच परेड दलों ने शानदार मार्चपास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। ध्वजारोहण के बाद मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस दौरान समृद्धि एवं खुशहाली के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। बैंड दल ने राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की। परेड दलों के जयघोष और हर्षफायर से समारोह स्थल देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा।

परेड दलों ने किया शानदार मार्चपास्ट- मुख्य समारोह में पुलिस बल की टुकड़ियों में विशेष सशस्त्र बल 32वीं बटालियन बी कंपनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल एवं जिला होमगार्ड बल शामिल रहे। सीनियर छात्र दल में एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआइएमटी कॉलेज नरसिंहपुर एवं एनसीसी सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर तथा जूनियर छात्र दल में एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, रेडक्रॉस पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर एवं शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने परेड में शामिल प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान- समारोह में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। मंत्री श्री पटेल ने जिलेवासियों को भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और जिला स्तरीय संदेश का वाचन किया। उन्होंने जिले की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की।इस पर आधारित जिले की विकास पुस्तिका का वितरण मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों और अधिकारियों को भी किया गया।

लोक संस्कृति से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम- स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का प्रमुख आकर्षण रहे। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, लोकगीत एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। प्रस्तुतियों के दौरान पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने 'जय जवान, जय किसान' पर आधारित नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चांवरा विद्यापीठ नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने 'जय हो नर्मदा मैया पार करो मोरी नईया, आज बरसाने में होरी रे रसिया*' एवं 'लहरा दो' जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उमावि नरसिंहपुर की छात्राओं ने 'वंदे मातरम, 'भूल न जइयो इनके बलिदान' एवं 'तिरंगा हर घर में लहराओ' की धुन पर प्रभावी नृत्य प्रस्तुति दी। इसके अलावा शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर एवं अबोड स्कूल करेली के विद्यार्थियों ने भी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 91 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम उपरांत मंत्री श्री पटेल राम पिपरिया में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस पर कवरेज करने पहुंचे मीडियाकर्मियों से दुर्व्यवहारकवरेज छोड़कर लौटे मीडियाकर्मी, प्रेस की गरिमा पर उठे सवाल

आमंत्रण पर पहुंचे पत्रकारों से विद्यालय में दुर्व्यवहार, कार्यक्रम का किया बहिष्कार

गोटेगांव नरसिंहपुर जिले गोटेगांव में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर के सरस्वती विद्यालय में एक बेहद निंदनीय मामला सामने आया है। विद्यालय प्रबंधन के लिखित आमंत्रण पर जब नगर के पत्रकार राष्ट्रीय पर्व के गरिमामयी ध्वजारोहण कार्यक्रम की कवरेज करने पहुंचे, तो वहां उनके साथ परिसर में प्रवेश के दौरान कथित तौर पर असम्मानजनक व्यवहार किया गया। शिक्षण संस्थान की इस संकीर्ण और अपमानजनक मानसिकता से आहत होकर सभी पत्रकारों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया और बिना कवरेज किए वापस लौट आए।घटना को लेकर नगर के समस्त मीडियाकर्मियों में भारी आक्रोश है। पत्रकारों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ के लिए विद्यालय नहीं गए थे, बल्कि राष्ट्रीय पर्व के प्रति अपने सामाजिक दायित्वों और कर्तव्य का निर्वहन करने पहुंचे थे। सरस्वती विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान से ऐसी अशिष्टता और दुर्व्यवहार की उम्मीद कतई नहीं की जा सकती। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान है।वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि यदि कोई संस्था मीडिया को अपने आयोजन में सहभागिता के लिए स्वयं आमंत्रित करती है, तो पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा करना उस संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। पत्रकार दिन-रात समाज और संस्थाओं के सकारात्मक कार्यों को जनता तक पहुंचाने का निस्वार्थ कार्य करते हैं। ऐसे में उनके साथ किया गया ऐसा व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और सम्मान पर भी चोट है।इस अशोभनीय घटना के बाद गोटेगांव के पत्रकारों के बीच तीखी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मीडिया जगत ने एकजुटता दिखाते हुए इस कृत्य का कड़ा विरोध किया है।*इनका है कहना...*सरस्वती विद्यालय के व्यवस्थापक राजकुमार जैन ने सफाई देते हुए कहा कि पत्रकारों से दुर्व्यवहार की बात सामने आने पर इसकी जांच कराई जाएगी। सीसीटीवी के आधार पर स्पष्टीकरण लिया जाएगा और जो भी दोषी होगा उस पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

धूमधाम से मनाई गई स्वाधीनता की वर्षगांठ

तेंदूखेड़ा। स्वाधीनता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ तेंदूखेड़ा सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरियां निकाली तथा अपने अपने स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुरुस्कृत किया एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

तेंदूखेड़ा के सभी स्वाधीनता स्मारकों पर ध्वजारोहण गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।नगर परिषद में अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण रोहण के उपरांत किया गया। स्कूलों के प्रधान पाठकों प्राचार्यों संस्था प्रबंधकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों ने कार्यालय परिसरों में ध्वजारोहण किया।

न्यायालय परिसर में हुआ ध्वजारोहण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा में उल्लास एक अनुपम प्रयोग कार्यक्रम न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा द्वारा न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया।इस मौके पर न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा ने कहा कि जब न्यायालय संवेदनशीलता और बेहतर संवाद के साथ कार्य करेगा तो न्याय की गुणवत्ता में स्वाभाविक सुधार होगा। एक मंच पर सभी के एकत्र होने से आपसी संवाद बढ़ेगा झिझक व डर दूर होगा और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी तथा जवाबदेही का अहसास होगा। उल्लास कार्यक्रम के तहत खेलकूद आर्ट एंड क्राफ्ट योग प्रशिक्षण पेंटिंग ड्राइंग और गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में न्यायिक कर्मचारियों उनके परिजनों तथा अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभी प्रतिभागी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण*

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने चांवरपाठा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का ओचक निरीक्षण किया। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल इमझिरा ग्राम डोभी के सांदीपनि विद्यालय बिलगुवा के शासकीय हाईस्कूल पीपरपानी के शासकीय हाईस्कूल और ग्राम जुझारी की शासकीय प्राथमिक शाला पहुँचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर शालाओं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली । इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अनुकूल वातावरण और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता शासन की पहली प्राथमिकता में शामिल है उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला जुझारी की शिक्षिका सुश्री आकांक्षा राजौरिया के शैक्षिक प्रयासों की सराहना की और प्रशंसा पत्र देने के निर्देश दिये । उन्होंने साइकिलों पाठ्य पुस्तकों आई टी सी लैब शिक्षण सहयोगी सामग्री जादुई पिटारा आदि की उपलब्धता गुणवत्ता और उपयोगिता के संबंध में शिक्षकों के सुझाव भी लिए। शिक्षकों ने स्कूल शिक्षा सचिव को बताया की समय पर साइकिलों के वितरण से विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान एफ एल एन की किताबों को तीन भागों में बांटकर वितरण करने से शिक्षकों को कक्षा शिक्षण में सहायता मिली है। भ्रमण के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने प्रमुख सचिव को जिले की शिक्षा व्यवस्था विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों नवाचारों एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर डीवीसी मुकेश साहू बीईओ पंचम मरावी बीआरसी सुनील श्रीवास्तव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निषाद समाज ने ध्वजारोहण कर किया वृक्षारोपण

गोटेगांव। निषादराज समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज कार्यालय में 80वां ध्वजारोहण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री जालमसिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।ध्वजारोहण के बाद समाज द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में 30 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर चिरोंजी लाल कहार गोविंद कहार राजेश कहार रवि रैकवार सुनील कहार इमरत कहार राकेश कहार राधे बर्मन हलकई नोरिया कमल कहार केदार नोरिया अरविंद कहार चंद्रशेखर कहार भानु प्रताप कहार पंचम रैकवार हर प्रसाद कहार राजेश कालू कहार हीराल रैकवार प्रकाश रैकवार भगवत कहार विनोद कहार पूनम कहार मानसिंह कहार संजय रैकवार परमलाल कहार सहित बड़ी संख्या में समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।समाज के लोगों ने कहा कि देशभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

महिलाओं ने भी प्रभातफेरी निकाली

तेंदूखेड़ा। स्वाधीनता दिवस एवं पर्यावरण संरक्षण के वैश्विक और पुनीत संकल्प को आत्मसात करते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल महिला इकाई तेंदूखेड़ा द्वारा अटल पार्क तक तिरंगा प्रभातफेरी निकालते हुए हरित संकल्प एवं वृक्षारोपण किया गया।सावन की रिमझिम फुहारों के बीच वसुंधरा के श्रृंगार करने और पर्यावरण को दीर्घायु बनाने के संकल्प के साथ अग्रवाल बहनों ने इस जीवनदायिनी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसमें सुजाता अग्रवाल श्रद्धा अग्रवाल सरला अग्रवाल नीतू अग्रवाल रेखा संगीता अग्रवाल नीतू पूजा नेहा आराधना एवं नैन्सी सुनीता अग्रवाल एड ज्योति अग्रवाल एवं हर्षना अग्रवाल ने इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।